किशोरियों के स्वास्थय के लिए हुई कार्यशाला

कार्यशाला में शामिल देशी विदेशी।

धौलपुर. आईपीई ग्लोबल व मंजरी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में किशोर व किशोरियों के स्वास्थ्य के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रम उड़ान के अंतर्गत चल रही चार दिवसीय कार्यशाला का समापन समारोह संपन्न हुआ।

कार्यशाला में देश- विदेश की विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। 4 दिन तक चली कार्यशाला में पहले दिन आईडीओ संस्था की जोसलीन ने प्रतिभागियों को कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य समझते हुए बताया कि सभी लोग उपभोक्ता केंद्रित पद्धति पर आधारित एक कार्यक्रम को बनाने का प्रयास कर रहे हैं, ताकि किशोर-किशोरियों को उनकी पसंद व जानकारी पर आधारित एक कार्यक्रम मिले, जिसमें वो खुलकर अपनी बात रखे व समाज में फैली भ्रांतियो से दूर रहते हुए यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य पर अपनी सही समझ विकसित करें। दूसरे व तीसरे दिन प्रतिभागियों को 5 टीमों में बांटकर कईगांव का भ्रमण कराया। इसमें 15 से 19 वर्ष के किशोर, 10 से 19 वर्ष की किशोरियां, उनकी माताओं व कुछ स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं से बातचीत की। समापन समारोह में जिला कलक्टर शुचि त्यागी ने गतिविधियों की जानकारी ली। मंजरी फाउंडेशन के जिला समन्वयक अमित सिंह ने बताया कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य किशोरी लड़कियों के जल्दी गर्भवती होने की सम्भावना को कैसे रोका जाए विषय पर चर्चा की गई। कार्यशाला में जोसलीन, मैग रॉबिन, नील व संजूकता, मानक, श्रद्धा, रिया, बिवा, रचना, नीलम, संजय, अमित, मनोज, रजनी, मनीषा, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की राज्य सलाहकार डॉ. निधि पुरोहित, किरण, विजय, सीमा, हेमलता, बेबी, श्रीभगवान, श्रीकांत, मोनू, बंटी, जोगेंद्र, नागेन्द्र आदि मौजूद रहे।